पत्रांक : यूपीडा / प्रेस विज्ञप्ति/ 925/01 दिनांक : 18 मई 2018

प्रेस नोट

"आगरा - लखनऊ एक्सप्रेसवे" पर अब उपलब्ध होंगी बेहतर जलपान व अन्य सुविधाएं

"आगरा - लखनऊ एक्सप्रेसवे" पर वे-साइड एमिनिटीज़ के संचालन, रख - रखाव एवं स्थानांतरण हेतु एजेंसियों के चयन के लिए प्राप्त निविदाओं के तकनीकी प्रस्तावों के मूल्यांकन के अन्तमीकरण एवं पात्र निविदाकर्ताओं के वित्तीय प्रस्तावों को खोलने हेतु "निविदा मूल्यांकन समिति" की बैठक आई.डी.सी. की अध्यक्षता में आज दिनांक 18.05.2018 को संपन्न हुई | निविदा की कार्यवाही 4 नग वे-साइड एमिनिटीज़ के संचालन हेतु की गयी | कुल प्रतिभागी कंपनियों में से 3 बिडर जिनके नाम क्रमशः मेसर्स देवयानी इंटरनेश्नल, मेसर्स विपुल लिमिटेड एवं मेसर्स पारस री-फेसिलिटीज़ मेनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड नें इस प्रक्रिया में प्रतिभाग किया | प्रतिभागी निविदाकर्ता कंपनियों के टेंडर खोलने के बाद मेसर्स विपुल लिमिटेड को **आगरा से लखनऊ** की ओर 2 नग वे-साइड एमिनिटीज़ स्थापित करने के लिए तथा मेसर्स पारस री-फेसिलिटीज़ मेनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड को **लखनऊ से आगरा** की ओर 2 नग वे-साइड एमिनिटीज़ स्थापित करने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त निविदाकर्ता चयनित किया गया. यूपीडा इन चयनित कंपनियों को शीघ्र ही एक कार्य चयन पत्र जारी करेगा एवं उनके साथ अगले 15 वर्षों तक वे-साइड एमिनिटीज़ के संचालन, रख - रखाव एवं स्थानांतरण संबधी अनुबंध की घोषणा करेगा |

नोट : विस्तृत जानकारी के लिए विभाग की वेबसाईटwww.upeida.in का अवलोकन करें |

- विज्ञप्ति का अंत -